दिनांक 06.10.2024 समय: 2.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

मुख्यमंत्री शिक्षा भूषण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवींद्र भवन, भोपाल में आयोजित शिक्षा भूषण अखिल भारतीय सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण और शिक्षाविद उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी सम्मानितों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत में गुरु शिष्य परंपरा के इतिहास के बारे में चर्चा की।

मुरैना जौरा

केन्द्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज मुरैना जिले के जौरा से कैलारस को जाने वाली मेमू ट्रैन के शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज का दिन जौरा क्षेत्र में स्वर्णिम स्वप्न पूरे होने का दिन है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प को सिध्दि तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कभी रेल का बजट 22 हजार करोड़ होता था आज दो लाख करोड़ से ऊपर है गया है। इसका परिणाम आज जौरा से ब्रोड गेज रेल की सौगात मिली है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जाता है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री–पद्मश्री दुर्गा बाई व्याम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संगठन पर्व के दूसरे चरण के अधिकतम सदस्यता दिवस पर आज लोक कलाकार पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती दुर्गा बाई व्याम के निवास पहुंचकर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी सहित मंडल व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

उमरिया–प्रतिक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें जनजाति बाहुल्य आकांक्षी जिलों के गांवों में संपूर्ण विकास किया जाएगा, आदिवासी बाहुल्य उमरिया जिले को भी प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई इस योजना में शामिल किया गया है। योजना को लेकर जिले के हितग्राहियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया है।

भारत–बांग्लादेश टी20–ग्वालियर

भारत और बांगलादेश के बीच तीन टी–20 क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच आज ग्वालियर में खेला जाएगा। मुकाबला ग्वालियर के माधवराव सिंधिया स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा। इससे पहले, बांग्लादेश के साथ हुए दोनों टेस्ट मैच में भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी।

भारत–पाक महिला टी–20

महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच दुबई में दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा। शुक्रवार को, भारतीय टीम न्यूजीलैंड से अपना पहला मैच हार गई थी। वहीं पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था।

समाचार संक्षेप में...

- शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत कल आगरमालवा जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों भीमाखेड़ी, सुदवास, बड़ागांव, आदि पर दादी नानी सम्मान समारोह आयोजित किए गए।
- नर्मदापुरम के शोभापुर में सलकनपुर विजयासन माता के दर्शन करने जा रही एक श्रद्धालु युवती की ट्रैक्टर के कुचलने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
- आगरमालवा में वृद्धजनों हेतु आयोजित किये गये शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह कुशवाह ने वृद्धजनों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए उनके स्वास्थ्य एवं परिवार विषयक चर्चा की।

नमस्कार